Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006
Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

an>

Title : Alleged irregularities prevailing in the promotions at higher posts in National Institute of Biological Science.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक समस्या की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं जो स्वास्थ्य मंत्रालय से संबंधित है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अन्तर्गत एक स्वायत्तशासी संस्था है- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बॉयलॉजीकल साइंस। यह एक मुख्य संस्था है जो औाधियों की गुणवत्ता की चिंता व उनकी देखरेख करती है। मैं पहले भी कह चुका हूं कि इसमें प्रमुख पदों पर नियुक्तियों और उनके प्रमोशनों के संबंध में अनियमितताओं और विवादों की जानकारी प्रकाश में आ रही है। मैंने पहले भी स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह किया था कि इस ओर ध्यान दे और इस संबंध में जो भी शिकायतें या समस्याएं आ रही हैं, उनका समाधान करें लेकिन यह दुर्भाग्य का विाय है कि इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उल्टे रिक्रूटमेंट रूल्स में परिवर्तन कर दिया गया जिसके कारण ऐसे लोग वहां आ रहे हैं जो इन पदों के योग्य नहीं हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इस ओर ध्यान दें और आवश्यक सुधार और परिवर्तन करके इस इंस्टीट्यूट को एक सही दिशा में ले जाने का काम करें।